प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 08.01.2025

- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का 24 घण्टे के अन्दर खुलासा करते हुए 02 नफर शातिर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तगण के कब्जे से 02 भैंस व एक भैंस का बच्चा व घटना में प्रयुक्त एक बुलेरो पिकअप को किया गया बरामद।**
- **अभियुक्त नीरज तिवारी के विरूद्ध कानपुर देहात व कानपुर नगर में आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 07.01.2025 को वादी श्री रामपाल फौजी पुत्र स्व0 मटरू प्रसाद पाल निवासी ग्राम गढिया पृथ्वीराज थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना मंगलपुर पर मु0अ0सं0 07/2025 धारा 331(4)/305(1) बीएनएस0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 08.01.2025 को मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर झींझक से कंचौसी रोड पर संदिग्ध वस्तु/वाहन चैकिंग की जा रही थी, उसी दौरान समय करीब 00.55 बजे झींझक से कंचौसी रोड टेलीफोन एक्सचेन्ज से 100 मीटर कंचौसी की तरफ पुलिया से आगे थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात के पास 02 भैंस व एक भैंस का बच्चा व घटना में प्रयुक्त गाड़ी बुलेरो पिकअप के साथ दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गयी तो पूछताछ में उन्होंने उपरोक्त गाड़ी में लदी हुई भैंसों के सम्बन्ध में बताया कि दिनांक 6/7.01.2025 की रात्रि में हमने ग्राम किशौरा के मजरा गढिया पृथ्वीराज से चोरी की थी तथा आज बाजार में बेचने हेतु ले जा रहे थे, दोनों व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) BNS की बढोत्तरी की गयी है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. नीरज तिवारी पुत्र जवाहर लाल निवासी मकान नं0 102 दुर्गानगर गढी तिर्वा खाश थाना तिर्वा जनपद कन्नोज उम्र करीब 38 वर्ष।

2. शोएब पुत्र अजमेरी निवासी मोहल्ला शांति नगर कस्वा व थाना चौबेपुर जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 25 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1. 02 भैंस व एक भैंस का बच्चा व घटना में प्रयुक्त गाड़ी बुलेरो पिकअप

अभियुक्त नीरज तिवारी उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 141/2021 धारा 341/395/412/506 भादवि थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात
2. मु0अ0सं0 149/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात
3. मु0अ0सं0 540/2021 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात
4. मु0अ0सं0 370/2020 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना सचेण्डी जनपद कानपुर नगर
5. मु0अ0सं0 384/2019 धारा 392/411 भादवि थाना सचेण्डी जनपद कानपुर नगर
6. मु0अ0सं0 421/2019 धारा 307 भादवि थाना सचेण्डी जनपद कानपुर नगर
7. मु0अ0सं0 422/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सचेण्डी जनपद कानपुर नगर
8. मु0अ0सं0 07/2025 धारा 331(4)/305(1) बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात

अभियुक्त शोएब पुत्र अजमेरी का अपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 07/2025 धारा 331(4)/305(1) बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात

गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री लक्ष्मण सिंह
2. हे0का0 357 सुरजेश
3. का0 593 अमित कुमार
4. का0 905 लोकेश मंगल,